Date: 3.1.2022	**Publication:** Prabhat Khabar
Page no.: 8	**Edition:** Kolkata
Headline: New Year Expectations: Let this New Year bring new hope for various business sectors	



उद्योगपतियों की चाह

नये वर्ष में उद्योगों के लिए हो नये भविष्य का उदय

उद्योग-व्यवसाय के लिए नये साल से नयी उम्मीदें ■ नयी राहत व नये अवसर की आस-उम्मीद

देखते ही देखते महामारी के आगोश में एक और वर्ष गुजर रहा है. नया वर्ष भी पधार चुका है. 2020 की तुलना में 2021 में उद्योग जगत ने थोड़ी चैन की सांस ली थी, लेकिन हालात अब भी महामारी के पहले जैसे नहीं हुए हैं. अब उद्योगपतियों को नववर्ष अर्थात 2022 में स्थिति और बेहतर रहने की उम्मीद है. इस वर्ष से अपनी आस-उम्मीद पर उद्यमियों ने रखी अपनी राय.

समय बदल रहा है और हम पूर्व की उपलब्धियों को लेकर बैठे नहीं रह सकते. कोविड ने हमें यह पाठ पढ़ाया है कि उद्योगपतियों को चुनौतियों और मुश्किलों का सामना करके आगे बढ़ना होगा. हमारा मानना है कि ग्राहकों के दिल के करीब रहना जरूरी है. हम तकनीक पर भरोसा करनेवाली कंपनी हैं और हमें आशा है कि 2022 और भी बेहतर होगा.

नमित बाजोरिया, प्रबंध निदेशक, कुबिना होम मेकर्स प्रा.लि.

भारतीय रेल नेटवर्क विश्व में तीसरा सबसे बड़ा नेटवर्क है. रेलवे द्वारा माल परिवहन से कार्बन फुटप्रिंट में भी भारी कमी आती है. वित्त वर्ष 2024 तक भारतीय रेलवे पूरी तरह इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्ट एंटिटी बन जायेगा. रेल मंत्री ने 2022 तक रेल की सभी तरह की बोगियों का देश में निर्माण करने का लक्ष्य रखा है. आशा है कि नये वर्ष में यह लक्ष्य पूरा हो सकेगा.

विवेक लोहिया, निदेशक, जूपिटर वैगंस लि. व एसोचैम के नेशनल काउंसिल ऑफ रेलवे के चेयरमैन

2021 की शुरुआत तो अच्छी रही, लेकिन महामारी की दूसरी लहर ने विकास को बेपटरी किया. हालांकि पाबंदियों के हटने के बाद विभिन्न सेक्टर्स में रोजगार सृजन हुआ है. हॉस्पिटैलिटी सेक्टर जो सर्वाधिक प्रभावित हुआ था वह भी उबर रहा है. बाजार में स्थिरता आने से नये वर्ष के और भी सकारात्मक होने और नयी संभावनाओं के लाने की अपेक्षा है.

आरपी यादव, सीएमडी, जीनियस कंसल्टेंट्स लि.

देश में हेल्थकेयर पीपीइ उद्योग तेजी से बढ़ रहा है. रोजाना 2.06 लाख पीपीइ किट का उत्पादन हो रहा है. यह उद्योग 12फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़ रहा है. केंद्र सरकार ने गत वर्ष 20 मिलियन पीपीइ और 40 मिलियन एन-95 मास्क का निर्यात किया. यह दर्शाता है कि इस उद्योग के पास उत्पादन और कच्चे माल की खरीद की आंतरिक मजबूती है. नये वर्ष में इस उद्योग में बेहतर संभावनाएं हैं.

अजय कुमार मल्ल, प्रबंध निदेशक, मैलकम इंडिया

नया वर्ष आइइएम लैब्स के लिए काफी बेहतर होने की उम्मीद है, क्योंकि कंपनी उन सभी लोगों व कंपनियों को साइबर सिक्यूरिटी के संबंध में शिक्षित करेगी. अगली पीढ़ी को समृद्ध करने के लिए और नये कोर्स लाये जायेंगे ताकि साइबर चुनौतियों से निबटा जा सके. उम्मीद है कि नये उत्पाद और सर्विसेस को सराहा जायेगा.

ऋतिक लाल, चीफ टेक्निकल ऑफिसर, आइइएम लैब्स

वर्ष 2020 की तुलना में इस वर्ष कुछ बेहतर रहा. हालांकि कोरोना की दूसरी लहर ने इस वर्ष अप्रैल और मई महीने में काफी परेशान किया था. हालात सुधर तो रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से ओमीक्रोन का डर भी सताने लगा है. पूरे देश में ओमीक्रोन के मामले बढ़ते जा रहे हैं. आने वाले दिनों में देश की स्थिति क्या होगी, यह बता पाना फिलहाल संभव नहीं है.

विकास माधोगढ़िया, डायरेक्टर, विकास कास्टिंग

2021 में हासिल अनुभव से नये वर्ष का सकारात्मक स्वरूप दिख रहा है. महामारी की दूसरी लहर ने हमारी जीवनशैली में एक बदलाव लाया और लोगों को बदलती स्थितियों में खुद को ढालना सिखाया. स्टैंप ड्यूटी में कमी, रेपो रेट के न बदलने और सरकारी प्रयासों को घर खरीदने वालों और डेवेलपर्स ने सराहा है.

रोहन खटाउ, निदेशक, सीसीआइ प्रोजेक्ट्स प्रा.लि.

2021 ने हमें काफी कुछ सिखाया. इस वर्ष ने हमें नवीनता लाने और धैर्य धारण करने के लिए प्रेरित किया. लोगों ने अपने खुद के घर का महत्व समझा. 2021 की पिछली दो तिमाही रियल इस्टेट सेक्टर के लिए अच्छी रही. आवासीय सेक्टर में विकास देखने को मिला. मर्लिन ग्रुप ने पांच नयी परियोजनाएं 500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ शुरू की हैं.

साकेत मोहता, एमडी, मर्लिन ग्रुप

कोरोनाकाल के कारण समाज में हर स्तर का इंसान पिछले दो वर्षों से संघर्ष के जिस दौर से गुजर रहा है, हमें उम्मीद रहेगी कि नववर्ष में इस तरह के संघर्ष पर पूर्ण विराम लगे. जिससे हम फिर से जिंदगी को नये सिरे से जीना शुरू कर सकें. पिछले दो वर्षों से रियल इस्टेट व्यापार के साथ अन्य व्यापार की थमी रफ्तार को फिर से गति मिले.

राहुल अग्रवाल, निदेशक, मेट्रोपॉलिटन रियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड

देश के रियल इस्टेट सेक्टर के लिए 2021 घटनाप्रधान वर्ष रहा. लॉकडाउन 2.0 ने उद्योग पर कम प्रभाव डाला. राज्य सरकार द्वारा सुधार जैसे कि स्टैंप ड्यूटी पर छूट और महिला घर खरीदारों को छूट आदि ने बिक्री को बढ़ाया. 2022 की ओर हम आशा की किरण के साथ देखते हैं और विश्वास है कि स्थिति में काफी बेहतरी आयेगी.

श्रीकांत शितोले, प्रबंध निदेशक, टाइकून्स ग्रुप

कारोबारी दृष्टिकोण से नये वर्ष से हमें अपेक्षा है कि यह साल लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए नयी तकनीक और नवीनता लेकर आये. अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक समाधान पहुंच सके. नववर्ष से यह भी अपेक्षा है कि ऐसा माहौल रहे जहां भय, लालच, प्रदूषण, आतंक, भूख व कोविड न रहे.

बीएल मित्तल, संस्थापक व एग्जीक्यूटिव चेयरमैन, सस्तासुंदरडॉटकॉम

हमें आशा है कि 2022 एफएंडबी सेक्टर के लिए विकास प्रदान करने वाला होगा. यदि ओमिक्रॉन तथा कोविड की तीसरी लहर नियंत्रण में रही तो हम देखेंगे कि नये वर्ष में बाजार में न केवल नये खिलाड़ी आ रहे हैं बल्कि पुराने स्थापित खिलाड़ी भी अपने पांव पसार रहे हैं. नये आउटलेट के अलावा इस सेगमेंट में होम डिलीवरी बड़ी भूमिका निभायेगी.

शिलादित्य चौधरी, निदेशक, प्लेटर हॉस्पिटेलिटी

2022 एक उत्साहजनक वर्ष होगा और हम अपने उपभोक्ताओं को समय पर समाधान प्रस्तुत कर सकेंगे. हमें आशा है कि डेटा और टेक्नोलॉजी बीमा क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभायेंगी. सही उत्पाद और सही मंच के जरिये उन बाजारों में भी पहुंचा जा सकेगा जहां अब तक नहीं पहुंच सके हैं.

तपन सिंघेल, एमडी व सीइओ, बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेंस

पिछले दो वर्षों में रियल इस्टेट उद्योग ने उतार-चढ़ाव देखे हैं. आखिर में हमें लगता है कि यह स्थिरता की स्थिति में पहुंचा है. पिछली दो तिमाही उद्योग के लिए उत्साहजनक रही हैं. हाउसिंग की मांग आने वाले वर्षों में और बढ़ने की संभावना है. हमें लगता है कि वर्ष 2022 में कारोबार में निरंतर विकास होगा.

अभिषेक भारद्वाज, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, सृष्टि इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट कारपोरेशन लि.

इनरवियर उत्पादों की मांग बढ़ रही है. 12-14 फीसदी विकास दर के साथ इनरवियर अब फैशन स्टेटमेंट बन रहा है. हमें लगता है कि बढ़ती अपेक्षाएं, ब्रांड के संबंध में जागरूकता, सोशल मीडिया की मौजूदगी के अलावा उपभोक्ता की खरीदारी क्षमता में इजाफे से वर्ष 2022 में इस सेक्टर में काफी विकास हो सकेगा, भले ही जीएसटी दरों में इजाफा हो और कॉटन की कीमतें बढ़ जायें.

विनोद गुप्ता, प्रबंध निदेशक, डॉलर इंडस्ट्रीज लि.

नये वर्ष में सबसे पहली अपेक्षा है कि लोगों के चेहरे से मास्क हट जाये. लोगों को एक बार फिर से हम हंसते-मुस्कुराते देख सकें. अब तो सबकी ऐसी हालत हो गयी है कि बिना गलती किये चेहरा छिपाना पड़ रहा है. एक बार फिर से सामाजिक तौर पर मिलना-जुलना शुरू हो जाये. एक दूसरे के पास आना-जाना शुरू हो जाये.

संजय बुधिया, एमडी, पैटन

सुरक्षित महसूस करने के लिए अपना घर श्रेष्ठ जगह है. कोविड संकट के बाद ग्राहकों की सोच में परिवर्तन आया है. लोग अब स्टैंडअलोन बिल्डिंग की बजाय ऐसी जगह रहना चाहते हैं जो सोसाइटी हो और कई अन्य सुविधाएं भी वहां उपलब्ध हो.

केतन सेनगुप्ता, सीइओ, बंगाल पियरलेस हाउसिंग डेवलपमेंट कंपनी

नये वर्ष में सभी के चेहरों पर मुस्कुराहट देखने की तमन्ना है. जीएसटी के लगातार बदल रहे नियमों से लोगों को अवगत कराते रहने की हमारी कोशिश रहती है. नये वर्ष में इस कोशिश में और भी तेजी लाने की इच्छा है. वर्ष 2022 में जीएसटी से जुड़े और भी नये समाधान हम लायेंगे. हमारा जोर तकनीक पर रहता है. नये वर्ष में हम और भी नये प्रोडक्ट लायेंगे.

विकास धनानिया, अध्यक्ष, जीएसटी दोस्त

महामारी की स्थिति से उबरकर हम नये वर्ष का स्वागत कर रहे हैं. आशा है कि अर्थव्यवस्था नये वर्ष में पूरी तरह सामान्य होने की दिशा में कदम उठायेगी. महामारी से हमें सीख मिली कि हमें सुरक्षित और स्वस्थ माहौल में रहना होगा. हमने अफोर्डेबल हाउसिंग में बढ़ती मांग को देखा है.

आर्य सुमंत, प्रबंध निदेशक, इडेन रियलटी

2021 घर खरीदने वालों और डेवेलपर्स दोनों के लिए अवसर प्रदान करने वाला रहा. महामारी की दूसरी लहर ने घर खरीदने वालों की दिलचस्पी को कम किया था लेकिन उत्सव के सीजन ने स्थिति को संभाला. नये वर्ष से हमें अपेक्षा है कि रिकवरी होगी और सकारात्मक सेंटिमेंट्स रहेंगे.

श्रेयंस जे शाह, प्रबंध निदेशक, एमजे शाह ग्रुप

2022 में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में और अधिक मांग देखी जायेगी. इसकी वजह है कि सरकार इस सेक्टर में और अधिक जोर दे रही है और लोगों ने भी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य को समझना शुरू कर दिया है. नये वर्ष में हम नये उत्पाद लायेंगे और विस्तार करेंगे.

तुषार चौधरी, संस्थापक निदेशक, मोटोवोल्ट मोबिलिटी प्रा.लि.

2021 'बाउंस बैक' करने वाला वर्ष था. 2022 बड़े पैमाने पर विकास का वर्ष होगा. यह विकास पिछले दो वर्ष में पैदा हुए ठहराव को धकेल कर होगा. नये वर्ष में तकनीक का और बोलबाला होगा. सरकार को सक्षमकर्ता की भूमिका निभानी होगी. नये और आकर्षक नये वर्ष के लिए हमें तैयार होना होगा.

ऋषि जैन, प्रबंध निदेशक, जैन ग्रुप

आगे बढ़ने और कोलकाता महानगर में मेहमानों के साथ और बेहतर भावनात्मक जुड़ाव का वर्ष होगा. युवाओं में ट्रिंकास के ब्रांड को और बेहतर तरीके से स्थापित करने की हमारी कामना है. नया वर्ष सभी के लिए सुख और समृद्धि लेकर आये.

आनंद पुरी, पार्टनर, ट्रिंकास रेस्तरां - 2022

नये वर्ष से सबसे पहले यही अपेक्षा है कि येलो टर्टल ब्रांड को आगे ले जाया जाये और नये रेस्तरां इस ब्रांड में शामिल किया जाये. इसके अलावा अपने ग्राहकों का निरंतर प्यार भी हम चाहते हैं. अपने कार्य में हम और गुणवत्ता और अपनी परिसेवा के विस्तार की अपेक्षा रखते हैं.

अपेक्षा लाहिड़ी, प्रोपराइटर, द येलो टर्टल

नये वर्ष में ब्लू ऑर्किड की कामना अपने क्लाउड किचन को अजयनगर से कोलकाता या सॉल्टलेक में स्थानांतरित किया जाये. जिसमें डाइन-इन का विकल्प भी हो. कई ग्राहक आउटलेट में आने की इच्छा जता रहे हैं.

जयश्री चट्टराज, पार्टनर, ब्लू ऑर्किड

नये वर्ष में ईगल बाइट्स विस्तार करने की अपेक्षा रखता है. उत्तर कोलकाता में एक डिलीवरी आउटलेट खोलने की तमन्ना है. इसके अलावा सॉल्टलेक में भी हम विस्तार करना चाहते हैं. पिछले दो वर्ष लोगों पर भारी गुजरे हैं.

एंथनी तापस दत्ता, सीइओ, ईगल बाइट्स पिज्जा

पिछले दो वर्ष हम सभी के लिए पीड़ादायक रहे. लेकिन हेल्थकेयर सेक्टर नयी चुनौतियों का सामना करके आगे बढ़ता रहा. महामारी ने जीवन के हर क्षेत्र पर प्रभाव डाला है. हम 2022 को लेकर काफी आशावादी हैं.

डॉ देवाशीष भट्टाचार्य, चेयरमैन व एमडी, दिशा आई हॉस्पिटल्स

महामारी में कई लोगों ने अपनी नौकरी गंवाई. हम रोजगार के नये अवसर सृजित कर रहे हैं और नयी परियोजनाएं शुरू कर रहे हैं. हमने आशा ऑडियो टूर एंड ट्रैवेल वेंचर विकसित किया है.

दिव्येंदु शेखर लाहिड़ी, निदेशक, आशा ऑडियो एंड कम्युनिकेशन प्रा.लि.